NBT
नवभारत टाइम्स

आईआईएसआर को मिला राजश्री टंडन राजभाषा पुरस्कार



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने किया सम्मानित।

एनबीटी, लखनऊ : भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर) के वैज्ञानिकों को उनके शोध क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के स्थापना दिवस पर दिल्ली में विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। परिषद ने बड़े और छोटे संस्थानों की कैटिगरी में अलग-अलग पुरस्कार रखे। जिसमें बड़े संस्थानों की श्रेणी में आईआईएसआर को वर्ष 2016-17 राजश्री टंडन राजभाषा के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के शीर्ष अधिकारी भी मौजूद रहे।

आईआईएसआर लखनऊ की ओर से यह पुरस्कार संस्थान के निदेशक डॉ. अश्विनी दत्त पाठक और अभिषेक कुमार सिंह ने हासिल किया। संस्थान

के कृषि अभियंत्रण विभाग के दो वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश कुमार सिंह और डॉ. सुखबीर सिंह को वर्ष 2017 में कृषि यंत्रों में नवप्रवर्तन और शोध के लिए नासी.आईसीएआर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, संस्थान के जैव नियंत्रण केंद्र, प्रवरानगर, अहमदनगर के वैज्ञानिक डॉ. एसके होल्कर को वर्ष 2017 में कृषि और संबंधित विज्ञान में परास्नातक उत्कृष्ट डोक्टोरल थीसिस के लिए जवाहरलाल नेहरू पुरस्कार दिया गया।